समाचार

डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर जल रहे निगम के अलाव

कोरबा 30 दिसम्बर 2020 –बढ़ती ठंड को देखते हुए यात्रियों, राहगीरों व आमजन की सुविधा हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने सभी जोनांतर्गत प्रमुख चौक–चौराहों व सार्वजनिक स्थानों सहित लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक स्थलों पर प्रतिदिन शाम होते ही अलाव जलाएं जा रहे है, जिससे आमलोगों को ठंड से राहत मिल रही है।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक–चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इन स्थानों पर शाम ढलते ही निगम अमला प्रतिदिन अलाव जला रहा है, जहां पर ठंड से राहत पाने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। निगम द्वारा रेलवे स्टेशन, पुराना बस स्टैण्ड, टी.पी.नगर चौक, नया बस स्टैण्ड, सी.एस.ई.बी.चौक, सुभाष चौक, जिला चिकित्सालय परिसर, परसाभांठा बाजार, बालको बस स्टैण्ड, एन.टी.पी.सी. गेट के पास, राजमाता सिंधिया चौक, पटेलनगर पेट्रोल पम्प के पास, बांकीमोंगरा चौक, इमलीछापर चौक, गेवरा चौक सहित लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाए जा रहे हैं।